collegebatch.com

Series SRQP2/2

**SET-1**

प्रश्न-पत्र कोड **2/2/1**

रोल नं. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **14** प्रश्न हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी (आधार)
# HINDI (Core)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :*

*(i) इस प्रश्न-पत्र में प्रश्नों की संख्या 14 है । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(ii) इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं — खण्ड अ और ब ।*

*(iii) **खण्ड अ** में 40 बहुविकल्पी/वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

*(iv) **खण्ड ब** में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं ।*

*(v) प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए ।*

*(vi) यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए ।*

collegebatch.com

## खण्ड अ

### (बहुविकल्पी/वस्तुपरक प्रश्न) 40 अंक

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *10×1=10*

भारतीय शास्त्रीय संगीत की यह एक विलक्षणता है कि एक राग जितनी बार प्रस्तुत होता है – उतनी बार नयापन उभरता है, इसका आकर्षण कभी समाप्त नहीं होता । इसकी समकालीन गुणवत्ता वर्षों के फ़ासले में नहीं बदलती, यह समय के छोटे-छोटे हिस्से में भी घटित होती है । इसके बावजूद इसमें ऐसा भी तत्त्व है, जो कभी नहीं बदलता । वह समय की गति को लाँघ जाता है, शाश्वतता और समकालीनता की यही संधि भारतीय कला विधाओं की निजी पहचान है । भारतीय शास्त्रीय संगीत का आधार तत्त्व लोकगीतों में निहित है । लोकगीतों की धुनों को शास्त्रीय संस्कार देकर अनेक राग बनाए गए हैं । भटियारी, पूरबी, जौनपुरी, सोरठा और मुलतानी जैसे अनेक राग बंगाल, बिहार, पंजाब और सौराष्ट्र के अंचलों में गाए जाने वाले लोकगीतों की धुनों से निर्मित हुए हैं । इतना ही नहीं, प्रकृति में व्याप्त स्वरों से भी रागों की निर्मितियाँ हुई हैं । कई समर्थ गायकों ने आंचलिक गीतों को शास्त्रीय पद्धति में ढालकर विशिष्ट गायकी द्वारा ख्याति अर्जित की है । लोकगीतों का सीधा संबंध प्रकृति से है । प्रकृति में अपना छंद है, लय है । स्वरों की संस्कार प्रक्रिया तब तक पूरी नहीं होती जब तक प्रकृति के छंदों की अनुभूति से मिली समाहारकारी दृष्टि से राग की प्रकृति और उसे जन्म देने वाली प्रकृति के बीच का अंतर्संबंध तय नहीं कर लिया जाता । संगीत में जिस बिंदु पर लय और ताल एक दूसरे से मिलते हैं उसे सम कहते हैं । लय है प्रकृति की विभिन्नता – सामयिकता और ताल है एकत्व-शाश्वतता । इन दोनों के मिलन से संस्कृति बनती है । संस्कृति न तो प्रकृति की यथास्थिति की स्वीकृति है, न विद्रोह । यह विभिन्नता में संस्कार द्वारा याचित एकत्व का नाम है । "प्राकृतिक शक्तियों का मनमाना संयोजन संस्कृति है ।"

(i) भारतीय शास्त्रीय संगीत की विलक्षणता क्या है ?

(A) विशिष्ट गायकी

(B) हर प्रस्तुति में नवीनता

(C) धुनों को शास्त्रीय संस्कार देना

(D) सुरीला गान

(ii) संदर्भ के अनुसार गद्यांश में 'विशिष्टताओं की वृद्धि' अर्थ को व्यक्त करने वाला शब्द है :

(A) गुणोत्कर्ष (B) चरमोत्कर्ष

(C) निष्कर्ष (D) हर्षोत्कर्ष

(iii) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

कथन I : लोकगीत और शास्त्रीय संगीत एक दूसरे के पर्याय हैं ।

कथन II : शास्त्रीय संगीत में गीत और आघात का अधिक महत्त्व है ।

कथन III : भारतीय शास्त्रीय संगीत का आधार लोकगीत है ।

कथन IV : शास्त्रीय संगीत में राग की शुद्धता का महत्त्व गौण है ।

गद्यांश के अनुसार उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

(A) केवल कथन I सही है । (B) केवल कथन II सही है ।

(C) केवल कथन III सही है । (D) केवल कथन IV सही है ।

(iv) गद्यांश के अनुसार रागों की रचना किस प्रकार होती है ?

(A) लोकगीतों और प्रकृति में व्याप्त स्वरों के समन्वय द्वारा

(B) सुर, लय, ताल की समझ और समन्वय द्वारा

(C) प्राकृतिक गीतों की छंदबद्ध गायकी द्वारा

(D) विभिन्न घरानों की राग-रागिनियों के समन्वय द्वारा

(v) गद्यांश के अनुसार 'सम' क्या है ?

(A) तबले की थाप पर ताल का बजना

(B) गीत और संगीत का सुरीला गायन

(C) सुर, ताल और लय का सुंदर समन्वय

(D) संगीत में जिस बिंदु पर लय और ताल परस्पर मिलते हों

collegebatch.com

(vi) गद्यांश के अनुसार समर्थ गायकों ने प्रसिद्धि प्राप्त की :

(A) पाश्चात्य संगीत को शास्त्रीय पद्धति में ढालकर

(B) आंचलिक गीतों को शास्त्रीय पद्धति में ढालकर

(C) विभिन्न राग-रागिनियों को आंचलिकता में ढालकर

(D) आंचलिक गीतों को प्राकृतिक छंदों में ढालकर

(vii) संस्कृति बनती है :

(A) प्रकृति की विभिन्नता, सामयिकता और शाश्वतता के मिलने से

(B) लय और ताल, गीत और संगीत के मिलन से

(C) लोकगीतों को शास्त्रीय संस्कार देकर

(D) स्वरों की सतत साधना से

(viii) प्रकृति की विभिन्नता और समकालीनता का नाम है :

(A) लय (B) ताल

(C) राग (D) सम

(ix) यह गद्यांश दर्शाता है :

(A) सृष्टि के कण-कण में संगीत बसा है ।

(B) लोकगीत और प्रकृति शास्त्रीय संगीत के आधार हैं ।

(C) लोकगीतों के बिना शास्त्रीय संगीत निराधार है ।

(D) स्वरों की संस्कार-प्रक्रिया लोकगीतों में पूरी होती है ।

(x) भारतीय कला-विधाओं की निजी पहचान है :

(A) समय के अंतराल की अनभिज्ञता

(B) चिरस्थिरता एवं समसामयिकता का समन्वय

(C) आकर्षण एवं मनोरंजन से पूर्ण

(D) वर्तमान और भविष्य का आधार

collegebatch.com

**2.** निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

ग्राम, नगर या कुछ लोगों का नाम नहीं होता है देश
संसद, सड़कों, आयोगों का नाम नहीं होता है देश
देश नहीं होता है केवल सीमाओं से घिरा मकान
देश नहीं होता है कोई सजी हुई ऊँची दुकान
देश नहीं क्लब, जिसमें बैठ करते रहें सदा हम मौज
देश नहीं केवल बंदूकें, देश नहीं होता है फ़ौज
जहाँ प्रेम के दीपक जलते, वहीं हुआ करता है देश
जहाँ इरादे नहीं बदलते, वहीं हुआ करता है देश
सज्जन सीना ताने चलते, वहीं हुआ करता है देश
हर दिल में अरमान मचलते, वहीं हुआ करता है देश
वही होता जो सचमुच आगे बढ़ता क़दम-क़दम
धर्म, जाति, भाषाएँ जिसका ऊँचा रखती हैं परचम
पहले हम खुद को पहचानें, फिर पहचानें अपना देश
एक दमकता सत्य बनेगा, नहीं रहेगा सपना देश

(i) कवि के अनुसार देश नाम है :

(A) ग्राम, नगर या कुछेक लोगों का

(B) सीमाओं और सरहदों से घिरे भूखंड का

(C) परस्पर सौहार्द, अटल संकल्प, सहृदयता एवं उत्तरोत्तर उन्नति का

(D) फ़ौज एवं शस्त्रों के ज़खीरों का

(ii) स्तंभ-I में दिए गए पदों को स्तंभ-II में दिए गए प्रतीकार्थों से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए :

| | *स्तंभ-I* | | *स्तंभ-II* |
|---|---|---|---|
| 1. | संसद | (i) | आवागमन की सुविधा के लिए बना समतल मार्ग |
| 2. | सड़क | (ii) | सर्वोच्च विधायी निकाय |
| 3. | आयोगों | (iii) | विशेष कार्य के निमित्त सरकार द्वारा गठित संगठन |

**विकल्प :**

(A) 1-(ii), 2-(i), 3-(iii)
(B) 1-(iii), 2-(ii), 3-(i)
(C) 1-(i), 2-(ii), 3-(iii)
(D) 1-(ii), 2-(iii), 3-(i)

collegebatch.com

(iii) देश का मस्तक ऊँचा रखने में किस-किस का महत्त्वपूर्ण योगदान है ?

(A) सुसज्जित ऊँची दुकानों का

(B) दीवारों से घिरे विशाल मकानों का

(C) दिवास्वप्नों का

(D) विविध धर्म, जाति एवं भाषा के एकत्व का

(iv) 'पहले हम खुद को पहचानें, फिर पहचानें अपना देश' पंक्ति का क्या तात्पर्य है ?

(A) निज दुर्बलताओं को पहचान कर सबलताओं में बदलना

(B) अपनी उन्नति के विषय में सोचना

(C) निज लाभ के लिए प्रयत्नशील रहना

(D) अपने परिवार के हित के लिए प्रयासरत रहना

(v) देश केवल सपना मात्र न रहकर दमकता सत्य कैसे बनेगा ? इस प्रश्न के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

कथन I : लोगों के विचारों में रहकर

कथन II : विद्यार्थियों की पुस्तकों में रहकर

कथन III : युवाओं के कथनों में रहकर

कथन IV : नागरिकों के सदाचरण एवं सद्गुणों में रहकर

पद्यांश के अनुसार उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

(A) केवल कथन II सही है । (B) केवल कथन IV सही है ।

(C) केवल कथन I सही है । (D) केवल कथन III सही है ।

**(अभिव्यक्ति और माध्यम पुस्तक पर आधारित प्रश्न)**

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

(i) 'छापेखाने' का आविष्कार किस युग में हुआ ?

(A) प्राचीन युग में (B) आधुनिक युग में

(C) मध्य युग में (D) आदि युग में

(ii) निम्नलिखित में कौन-सा माध्यम ध्वनि, स्वर और शब्दों का खेल है ?

(A) रेडियो (B) टेलीविज़न

(C) इंटरनेट (D) समाचार-पत्र

(iii) आलोक एक पत्रकार हैं । वे किसी खास अख़बार से संबंध नहीं रखते अपितु भुगतान के आधार पर अलग-अलग अख़बारों के लिए लिखते हैं । उनको किस तरह का पत्रकार कहा जा सकता है ?

(A) पूर्णकालिक पत्रकार

(B) अंशकालिक पत्रकार

(C) फ्रीलांसर (स्वतंत्र-पत्रकार)

(D) विशेष संवाददाता पत्रकार

(iv) निम्नलिखित में फ़ीचर का एक प्रकार ***नहीं*** है :

(A) खोजपरक फ़ीचर (B) साक्षात्कार फ़ीचर

(C) रूपात्मक फ़ीचर (D) काव्यात्मक फ़ीचर

(v) सामान्य लेखन से हटकर किसी खास विषय पर किया गया लेखन क्या कहलाता है ?

(A) संपादकीय (B) विशेष लेखन

(C) कथा लेखन (D) विचारपरक लेखन

**(पाठ्यपुस्तक पर आधारित प्रश्न)**

**4.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

हमें दोनों एक संग रुलाने हैं,
आप और वह दोनों
(कैमरा
बस करो
नहीं हुआ
रहने दो
परदे पर वक्त की कीमत है)
अब मुस्कुराएँगे हम
आप देख रहे थे सामाजिक उद्देश्य से युक्त कार्यक्रम
(बस थोड़ी ही कसर रह गई)
धन्यवाद ।

collegebatch.com

(i) काव्यांश में 'आप' और 'वह' प्रयुक्त हुआ है :

(A) दर्शक और संवाददाता के लिए

(B) मीडियाकर्मी और कैमरामैन के लिए

(C) दर्शक और विकलांग व्यक्ति के लिए

(D) विकलांग व्यक्ति और संवाददाता के लिए

(ii) निम्नलिखित कथनों पर विचार करते हुए पद्यांश के अनुसार सही कथन को चयनित कर लिखिए :

(A) मीडिया विकलांग व्यक्तियों के प्रति संवेदनशील है ।

(B) समाज विकलांग व्यक्तियों के प्रति जागरूक है ।

(C) शारीरिक चुनौती झेलते व्यक्ति के साक्षात्कार द्वारा मीडिया का उद्देश्य समाज-सेवा है ।

(D) मीडिया स्वार्थी एवं संवेदनहीन है, उसका सामाजिक सरोकार मात्र दिखावा है ।

(iii) काव्यांश में कोष्ठक में लिखे शब्द संकेत करते हैं :

(A) परदे के पीछे की वास्तविकता

(B) मीडिया का बुरा बर्ताव

(C) साक्षात्कार के प्रश्न

(D) विकलांग व्यक्ति की मानसिकता

(iv) उपर्युक्त काव्यांश की पंक्ति – 'अब मुस्कुराएँगे हम' दिखाती है, मीडियाकर्मियों की :

(A) संवेदनशीलता को

(B) संवेदनहीनता को

(C) परदुख कातरता को

(D) प्रफुल्लता को

collegebatch.com

(v) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प चुनकर लिखिए :

*कथन :* सामाजिक उद्देश्य से युक्त कार्यक्रम में मीडिया का उद्देश्य पूर्ण न हो सका ।

*कारण :* विकलांग व्यक्ति द्वारा उनके निर्देशानुसार व्यवहार न करने से लोगों की सहानुभूति बटोरने का अवसर उनके हाथ से निकल गया ।

**विकल्प :**

(A) कथन सही है, कारण ग़लत है ।

(B) कथन सही नहीं है, कारण सही है ।

(C) कथन तथा कारण दोनों सही हैं, किंतु कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं करता है ।

(D) कथन तथा कारण दोनों सही हैं, किंतु कारण, कथन की सही व्याख्या करता है ।

**5.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

शिरीष के फूलों की कोमलता देखकर परवर्ती कवियों ने समझा कि उसका सब-कुछ कोमल है ! यह भूल है । इसके फल इतने मज़बूत होते हैं कि नए फूलों के निकल आने पर भी स्थान नहीं छोड़ते । जब तक नए फल-पत्ते मिलकर, धकियाकर उन्हें बाहर नहीं कर देते तब तक वे डटे रहते हैं । वसंत के आगमन के समय जब सारी वनस्थली पुष्प-पत्र से मर्मरित होती रहती है, शिरीष के पुराने फल बुरी तरह खड़खड़ाते रहते हैं । ...

मैं सोचता हूँ कि पुराने की यह अधिकार-लिप्सा क्यों नहीं समय रहते सावधान हो जाती ? जरा और मृत्यु, ये दोनों ही जगत के अतिपरिचित और अतिप्रामाणिक सत्य हैं । तुलसीदास ने अफ़सोस के साथ इनकी सच्चाई पर मुहर लगाई थी – 'धरा को प्रमान यही तुलसी जो फरा सो झरा, जो बरा सो बुताना !'

(i) गद्यांश में प्रयुक्त 'वसंत' शब्द का समानार्थी शब्द हो सकता है :

(A) संतदास (B) मधुमास

(C) उल्लास (D) मनोरम

(ii) निम्नलिखित कथनों पर विचार करते हुए गद्यांश के अनुसार सही कथन को चयनित कर लिखिए :

(A) शिरीष के फल, फूल की तरह कोमल होते हैं ।

(B) शिरीष के फल-फूल दोनों ही कोमल होते हैं ।

(C) शिरीष के फल, फूल की तरह कोमल नहीं होते ।

(D) शिरीष के फल नए फूल आते ही अपना स्थान छोड़ देते हैं ।

(iii) वसंत के सौंदर्य में इनमें से कौन-सा सौंदर्यहीन बना रहता है ?

(A) पुष्पपत्र से मर्मरित वनस्थली (B) शिरीष के फूल

(C) शिरीष का पेड़ (D) शिरीष के फल

(iv) 'शिरीष' को लेकर लेखक का परवर्ती कवियों की धारणा को निराधार मानने का आधार है :

(A) फलों की मजबूती (B) फूलों की मजबूती

(C) फूलों की कोमलता (D) इसका फूलों से लदे रहना

(v) 'जो फरा सो झरा, जो बरा सो बुताना' – पंक्ति का भाव है :

(A) जिसने जन्म लिया उसकी मृत्यु निश्चित है ।

(B) जो फलेगा वह झड़ेगा, जो जलेगा वह बुझेगा ।

(C) पुरानी पीढ़ी का स्थान नई पीढ़ी लेगी ।

(D) शिरीष के फूलों का झड़ना निश्चित है ।

## (पूरक पाठ्यपुस्तक पर आधारित प्रश्न)

**6.** निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *10×1=10*

(i) यशोधर बाबू ने मैट्रिक की परीक्षा कहाँ से उत्तीर्ण की थी ?

(A) रेम्जे स्कूल, नैनीताल (B) रेम्जे स्कूल, अल्मोड़ा

(C) विद्या मंदिर, अल्मोड़ा (D) विद्या मंदिर, नैनीताल

(ii) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प चुनकर लिखिए :

*कथन :* आनंदा अपने पढ़ने की बात अपने दादा से नहीं कर पाता है ।

*कारण :* आनंदा के पिता अत्यधिक क्रोधी स्वभाव के थे तथा आनंदा की पढ़ाई करवाने के पक्ष में नहीं थे ।

**विकल्प :**

(A) कथन सही है, कारण ग़लत है ।

(B) कथन सही नहीं है, कारण सही है ।

(C) कथन तथा कारण दोनों सही हैं, किंतु कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं करता है ।

(D) कथन तथा कारण दोनों सही हैं, किंतु कारण, कथन की सही व्याख्या करता है ।

(iii) 'अतीत में दबे पाँव' पाठ के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए :

(A) कथन I : सिंधु घाटी सभ्यता 'हाई प्रोफाइल' सभ्यता थी ।

(B) कथन II : सिंधु घाटी सभ्यता 'लो प्रोफाइल' सभ्यता थी ।

(C) कथन III : सिंधु घाटी सभ्यता 'हथियारों' की सभ्यता थी ।

(D) कथन IV : सिंधु घाटी सभ्यता 'ताकत' के बल पर थी ।

(iv) किसके निर्देशन में मुअनजो-दड़ो की खुदाई का व्यापक अभियान प्रारम्भ हुआ ?

(A) इरफान हबीब (B) जॉन मार्शल

(C) राखालदास बनर्जी (D) दीक्षित काशीनाथ

(v) 'अतीत में दबे पाँव' पाठ से उद्धृत पंक्ति – 'देखना अपनी आँख से देखना है । बाकी सब आँख का झपकना है ।' – का आशय है :

(A) सौंदर्य की वास्तविक अनुभूति तो प्रत्यक्ष दर्शन से ही होती है ।

(B) आँखों देखा ही सत्य होता है, शेष सब व्यर्थ होता है ।

(C) स्वयं देखकर ही आनंद आता है, पढ़-सुनकर नहीं ।

(D) स्वयं का भोगा ही सत्य होता है, दूसरों द्वारा कहा नहीं ।

(vi) 'जूझ' कहानी के नायक आनंदा का स्कूल में वसंत पाटील की तरह ही सुव्यवस्थित ढंग से काम करने और पढ़ने का कारण इनमें से ***नहीं*** है :

(A) उससे ईर्ष्या करना

(B) उससे प्रतिस्पर्द्धा करना

(C) थोड़े ही समय में परीक्षा की तैयारी करना

(D) पिता द्वारा दी गई चुनौती को पूरा करना

(vii) सिल्वर वैडिंग की पार्टी वाले दिन यशोधर बाबू का 'संध्या' में अधिक समय लगाने का कारण हो सकता है :

(A) उन्हें पार्टी आयोजन की पूर्व सूचना न दिया जाना

(B) पार्टी में मेहमानों के बीच स्वयं को उपेक्षित पाना

(C) उनके आत्मीय जनों को पार्टी में न बुलाया जाना

(D) पार्टी में आए मेहमानों के बीच स्वयं को असहज महसूस करना

collegebatch.com

(viii) 'जूझ' कहानी के आधार पर बताइए कि आनंदा को गणित कैसे समझ आने लगा था ?

(A) मन की एकाग्रता से

(B) वसंत पाटील की सहायता से

(C) माँ की सहायता से

(D) शिक्षक की सहायता से

(ix) 'जूझ' पाठ की लेखन शैली है :

(A) विवरणात्मक

(B) आत्मकथात्मक

(C) संवाद

(D) वर्णनात्मक

(x) 'जूझ' पाठ के अनुसार कविता के प्रति लगाव से पहले और बाद में अकेलेपन के प्रति लेखक की धारणा में क्या बदलाव आया ?

(A) अकेलापन डरावना है

(B) अकेलापन अनावश्यक है

(C) अकेलापन उपयोगी है

(D) अकेलापन सामान्य प्रक्रिया है

## खण्ड ब

**(वर्णनात्मक प्रश्न)** **40 अंक**

**(जनसंचार और सृजनात्मक लेखन पर आधारित प्रश्न)**

**7.** निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी ***एक*** विषय पर लगभग 120 शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए : *6*

(क) नारी सशक्तिकरण

(ख) पहाड़ी यात्रा के बीच बस का खराब होना

(ग) चाँदनी रात का सौंदर्य

collegebatch.com

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर लगभग 40 शब्दों में निर्देशानुसार उत्तर दीजिए : *2×2=4*

(i) (क) कहानी के कथानक को नाट्य रूपांतरण करते समय किन-किन समस्याओं का सामना करना पड़ता है ?

**अथवा**

(ख) रेडियो नाटक किसे कहा जाता है और आज के संदर्भ में इसका क्या महत्त्व है ?

(ii) (क) नए और अप्रत्याशित विषयों पर लेखन को सरल बनाया जा सकता है, कैसे ?

**अथवा**

(ख) नाटक में 'दृश्य' की क्या भूमिका है ?

**9.** निम्नलिखित तीन प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए : *2×3=6*

(क) टेलीविज़न माध्यम की किन्हीं तीन खूबियों अथवा तीन कमियों का उल्लेख कीजिए ।

(ख) पत्रकारिता की भाषा में 'बीट' किसे कहते हैं ? बीट रिपोर्टिंग और विशेषीकृत रिपोर्टिंग में क्या अंतर है ? उदाहरण सहित लिखिए ।

(ग) आलेख किसे कहते हैं ? अच्छे आलेख की दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

## (पाठ्यपुस्तक पर आधारित प्रश्न)

**10.** काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(क) 'शीतल वाणी में आग लिए फिरता हूँ' – 'आत्मपरिचय' कविता के आधार पर इस कथन का विरोधाभास स्पष्ट कीजिए ।

(ख) 'कविता के बहाने' के आधार पर बताइए कि 'सब घर एक कर देने के माने' से कवि का क्या तात्पर्य है ।

(ग) 'लक्ष्मण-मूर्च्छा और राम का विलाप' के आधार पर लिखिए कि युद्ध भूमि में राम के खेमे का माहौल शोकग्रस्त क्यों था । हनुमान द्वारा संजीवनी बूटी लाने पर वहाँ का माहौल कैसा और क्यों हो गया ?

collegebatch.com

**11.** काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए : *2×2=4*

(क) 'पतंग' कविता में "पतंगों के साथ-साथ वे भी उड़ रहे हैं" कथन का आशय स्पष्ट करते हुए बताइए कि 'वे' शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है ।

(ख) 'बादल राग' कविता से ली गई पंक्ति 'अशनि-पात से शापित उन्नत शत-शत वीर' का आशय स्पष्ट करते हुए लिखिए कि इस पंक्ति में किसकी ओर संकेत किया गया है ।

(ग) 'छोटा मेरा खेत' कविता में 'रस का अक्षय पात्र' कथन के आलोक में रचनाधर्मिता की किन विशेषताओं की ओर संकेत किया है ?

**12.** गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए : *2×3=6*

(क) 'बाज़ार दर्शन' पाठ में लेखक ने किस बाज़ार को मानवता के लिए विडम्बना कहा है ?

(ख) 'पहलवान की ढोलक' कहानी में किस प्रकार पुरानी व्यवस्था और नई व्यवस्था के टकराव को व्यक्त किया गया है ?

(ग) डॉ. आंबेडकर 'दासता' को केवल कानूनी पराधीनता क्यों नहीं मानते ? स्पष्ट कीजिए ।

**13.** गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए : *2×2=4*

(क) पाठ के आधार पर लिखिए कि भक्तिन कौन-से बड़े लाट से भी लड़ने को तैयार है और इसका क्या कारण है ।

(ख) मेंढक मंडली पर पानी डालने को लेकर लेखक जीजी के विचारों से सहमत क्यों नहीं था ? 'काले मेघा पानी दे' पाठ के आधार पर लिखिए ।

(ग) 'शिरीष के फूल' पाठ के आधार पर बताइए कि लेखक जीवन का सत्य किसे और क्यों मानता है ।

collegebatch.com

**(पूरक पाठ्यपुस्तक पर आधारित प्रश्न)**

**14.** निम्नलिखित तीन प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए : *2×2=4*

(क) कौन-कौन से ऐसे काम थे जो यशोधर बाबू को किशनदा से विरासत में मिले थे ? किन्हीं दो का उल्लेख कीजिए ।

(ख) 'जूझ' कहानी के आधार पर बताइए कि दत्ता जी राव ने लेखक की पढ़ाई जारी रखने हेतु किस प्रकार प्रयास किया ।

(ग) मुअनजो-दड़ो की गलियों या घरों में घूमते हुए लेखक को किसकी याद आ गई और क्यों ?